## महत्वपूर्ण एवं खास

### 15 से 24 दिसम्बर तक एनएच-49 में पावर ग्रिड करेगा ट्रांसमिशन लाइन शिफ्टिंग, विभिन्न स्थानों पर आवागमन रहेगा प्रभावित

**रायगढ़।** पॉवर ग्रिड द्वारा पीडब्ल्यूडी-एनएच के लिए मौजूदा 220 केवी बुद्धिपदार-कोरबा सर्किट 3 ट्रांसमिशन लाइन के विभिन्न खंड में लाइन के हिस्से को हटाने और परावर्तन का कार्य चालू है। जिसके लिए इस लाइन के शट डाउन की योजना 15 से 24 दिसम्बर 2021 तक की गई है। इस अवधि के दौरान 4 चौराहों पर आवागमन बाधित रहेगा। जिसमें ग्राम अमलीभौना से रक्शापाली गांव के बीच नया एनएच-49 मसानियाकला-रेंगालपाली सड़क पर विभिन्न क्रॉसिंग के लिए स्ट्रिंगिंग का काम किया जाएगा। जिसके लिए ट्रांसपोर्ट नगर के जोरापाली, अमलीभौना गांव के पास, हरदीझरिया से किरितमाल, नवापारा से लोधाझार एवं रक्शापाली को क्रासिंग पॉइंट बनाया गया है। एनएच-49 के उक्त स्थानों पर 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आवागमन प्रभावित रहेगा।

### छत्तीसगढ़ में 01 करोड़ 47 लाख 60 हजार 254 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड जारी- सिंहदेव


**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव विधानसभा में बताया कि प्रदेश में 18 नवंबर 2021 तक की स्थिति में 01 करोड़ 47 लाख 60 हजार 254 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत आयुष्मान कार्ड जारी किए गए है। सिंहदेव ने जनता कांग्रेस छग से विधायक धर्मजीत सिंह के लिखित प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है। श्री सिंहदेव ने बताया कि इस योजना के प्रचार-प्रसार के लिए राज्य नोडल एजेंसी द्वारा बैनर एवं फ्लेक्स, लाइट होर्डिंग, आउटडोर डिस्प्ले, रेडियो जिंगल, एमएमएस, टीवी चैनल, वेबपोर्टल इत्यादि के माध्यम से किया गया। मितानिन के माध्यम से भी इस योजना का प्रचार-प्रसार किया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना के प्रचार-प्रसार में 18 नवंबर 2021 की स्थिति तक कुल 1.05 करोड़ रूपये का व्यय किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शासकीय संस्था, निजी संस्थाओं को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में राज्य के 95 प्रतिशत पात्र परिवारों को कम से कम एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड एवं 60 प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके है।

### युवक की हत्या, सास और साली गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** रामपुर पुलिस चौकी अंतर्गत खरमोरा अटल आवास निवासी गुंडा बदमाश अमित सोनी की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। अमित की लाश उसके घर के बाहर अधनंगी हालत में बरामद की गई है। उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए है। घटना की सूचना मिलते ही रामपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। डॉग स्कॉड को भी मौके पर बुलाया गया। सुबह.सुबह हुए हत्या के जघन्य वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। अमित सोनी की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। वारदात के कुछ ही घंटे के भीतर ही पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई है। अमित सोनी को मौत के घाट उतारने वाला कोई नहीं बल्कि उसकी सास और साली है। बताया जा रहा है कि अमित सोनी अपनी साली पर बुरी नजर रखता था। इसी बात से आक्रोशित होकर मां बेटी ने लाठी से मारपीट कर अमित सोनी को मौत के घाट उतार दिया।

# माइक्रो एटीएम से करवायें किसानों का भुगतान-कलेक्टर

## » कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक





**रायगढ़।** उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय कर रहे किसानों के स्थानीय स्तर पर भुगतान के लिए भी समुचित व्यवस्थाएं की जानी है, जिससे बैंकों पर अतिरिक्त दबाव न पड़े व किसानों को आसानी से उनकी राशि प्राप्त हो सके। सहकारी समितियों में उपलब्ध माइक्रो एटीएम से किसानों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा उन विकासखण्डों में नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाए जहां अपेक्स बैंक की शाखा नहीं है। उक्त निर्देश कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में अपेक्स बैंक के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में धान खरीदी को लेकर चर्चा की। उन्होंने खरीदी के साथ उठाव का कार्य भी पूरी तेजी से करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी उपार्जन केन्द्रों में हमालों की संख्या बढ़ाने के लिए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं को निर्देशित किया। उन्होंने बारदानों की स्टेटस रिपोर्ट भी नियमित रूप से प्रस्तुत करने के लिए कहा। साथ ही मिलर्स से अच्छी क्वालिटी के बारदाने लेने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए। कलेक्टर सिंह ने धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए नोडल बनाए अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाए। कही कमी दिखे तो तत्काल सूचित करें जिससे व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो।

कलेक्टर सिंह ने कोविड की अगली संभावित लहर के मद्देनजर ऐहतियात बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान में आ रहे केसेस के अनुसार कंटेनमेन जोन बनाने व कांटेक्ट ट्रेसिंग कर सेम्पलिंग के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों पॉजिटिव आए लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग कर जांच की जा रही है। कलेक्टर सिंह ने अन्य राज्यों से आने वाले लोगों विशेषकर उद्योगों में आ रहे कर्मचारियों की कोविड जांच करने के लिए कहा। इसके लिए उद्योग व खनिज विभाग को उद्योगों से समन्वय कर बाहर से आने वाले लोगों की जांच सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। लक्षणयुक्त लोगों को अनिवार्य रूप से टेस्टिंग करने की बात कही।

कलेक्टर सिंह ने सस्ती दवा दुकान संचालन की समीक्षा की। उन्होंने दुकानों का संचालन बेहतर स्थानों पर करते हुए बिक्री बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने रायगढ़, सारंगढ़, सराईपाली मार्ग व खरसिया मार्ग निर्माण कार्य में हो रही लेटलतीफी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सारंगढ़ बाईपास का कार्य जल्द पूरा करने व खरसिया मार्ग का काम तत्काल शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बोईरदादर स्टेडियम का काम भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश ईई पीडब्लूडी को दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**वनधन केन्द्रों में रागी का करें उपार्जन–** कलेक्टर सिंह ने जिले में रागी उपार्जन के संबंध में भी जानकारी ली। डीएफओ रायगढ़ ने बताया कि वनधन केन्द्रों में रागी का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने इस संबंध में रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ के डीएफओ को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र अंतर्गत जिन वनधन केन्द्रों में रागी का उपार्जन किया जाएगा उसकी शेड्यूलिंग कर ले, जिससे किसानों को इसकी जानकारी देकर सीधे वनधन केन्द्रों में भेजा जा सके। उन्होंने गोधन न्याय योजनान्तर्गत गोबर खरीदी तथा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण व विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने सहकारी समितियों में कम्पोस्ट भंडारण करवाने के निर्देश दिए।

**अंडर ग्राउण्ड पाईप व केबल विस्तार के लिए लें पूर्वानुमति –** कलेक्टर सिंह ने अंडर ग्राउण्ड पाईप व केबल कनेक्शन विस्तार का कार्य करने वाले समस्त एजेंसियों को बैठक में निर्देशित किया कि वे जहां भी कार्य करें वहां सड़कों को क्षति न पहुंचे इसको लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू करने से पहले संबंधित एजेंसी से अनुमति लें तथा उनकी गाईड लाईन के अनुसार कार्य करें। केबल के लिए खुदाई करने के पश्चात उसकी फिलिंग भी करें। जिससे सड़क को किसी प्रकार का नुकसान न हो।

## अध्यक्ष अपेक्स बैंक बैजनाथ चन्द्राकर ने कुड़ेकेला धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण



**रायगढ़।** अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर आज एक दिवसीय रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान वे कुड़ेकेला धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। चन्द्राकर ने किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किसान हित में किए गए कार्यों की जानकारी दी और धान खरीदी के दौरान किसानों को कोई भी असुविधा न हो इसके लिए उन्होंने समिति के कर्मचारियों को निर्देशित किया। प्रबंधक ने बताया कि यहां 12 हजार 393 क्विंटल धान का खरीदी हो चुका है जिसमें 2 हजार 440 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। इस मौके पर अपेक्स बैंक के उप महाप्रबंधक भूपेश चंद्रवंशी, प्रबंधक ए.के.लहरे, शाखा प्रबंधक एम.तिर्की, रामनारायण साहू, रवि नारायण समिति अध्यक्ष, ऋतुराज सिंह ठाकुर, रमेश अग्रवाल जनपद उपाध्यक्ष, मीरा खूटे बीडीसी, संजय गुप्ता बीडीसी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## कलेक्टर भीम सिंह ने छात्र सुरक्षा बीमा योजना के तहत पालकों को सौंपे एक-एक लाख के चेक



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत ऐसे छात्र जिनकी असामायिक मृत्यु हो गई थी, उनके पालकों को छात्र सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत एक-एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान पालकों से बच्चों के साथ हुई घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में बच्चों सहित पालकों को दुर्घटनाजन्य गतिविधियों व रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में व्यापक रूप से जागरूक करने के निर्देश दिए है। उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों, बिना पालक के नदी अथवा तालाब में स्नान, बिजली के उपकरणों के उपयोग आदि को लेकर सचेत करने के लिए निर्देशित किया। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना व अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। साथ ही ऐसी घटना सामने आने पर तत्काल उससे संबंधी ऐहतियाती कदमों के बारे में बच्चों को पता हो।

आज कलेक्टर सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में धरमजयगढ़ व बरमकेला विकासखण्ड के 4 छात्रों जिनकी दुर्घटना असामायिक मृत्यु हो गई थी। उनके पालकों को सुरक्षा बीमा प्रकरण के तहत बच्चों के पालकों को एक-एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, डीएमसी आर.के.देवांगन, भी उपस्थित थे।

## लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही युवती की गला दबाकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

### » आरोपी युवक ने हत्या को आत्महत्या का रूप देने शव को लटकाया था फांसी पर



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा युवती के आत्महत्या की लिखाई गई रिपोर्ट से वास्तविकता सामने लाया गया है। असल में युवती के साथ पति की तरह रहने वाला युवक उसकी गला दबाकर हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा तथा एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर धरमजयगढ़ पुलिस बड़ी सूझबूझ घटना का पटाक्षेप किया गया है। आरोपी को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 11/12/ 2021 को अमर सिंह मंझवार पिता घुराऊराम मंझवार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम झोरखापारा थाना - धमरजयगढ़ ग्राम कोटवार के साथ थाना आकर उसकी पत्नी सोनमती बैगा उम्र 25 वर्ष द्वारा घर में साड़ी से फांसी लगाकर फौत होने की सूचना दिया गया। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा थाने से सहायक उप निरीक्षक पूरन सिदार को मर्ग जांच के लिये स्टाफ के साथ रवाना किया गया। मर्ग जांचकर्ता को सूचनाकर्ता अमर सिंह मंझवार बताया कि वर्ष 2020 में ग्राम ठेंगरीमार थाना श्यांग जिला कोरबा की धनीराम बैगा की बेटी सोनमती बैगा को लाकर पत्नी की तरह रखा था। सूचनाकर्ता बताया कि दिनांक 11/12/2021 के शाम लगभग 04ः00 बजे ग्राम गुरमा से वापस आया तो सोनमती बैगा घर में नही थी, घरवाले बताये कि कपड़ा लेकर नहाने निकली है और वापस नहीं आयी है। तब तालाब ढुंढने गया था, वापस घर आया तो पर घर में सोनमती साडी में फांसी लगाकर फौत हो गयी थी। मर्ग जांच में गवाहों से पूछताछ में भिन्नता पाये जाने पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक विजय पैंकरा द्वारा अमर सिंह मंझवार को संदेह में लेकर वैज्ञानिक तरीके से कड़ी पूछताछ करने पर उसने सोनमती बैगा की हत्या की बात कबूली।

आरोपी अमर सिंह मंझवार बताया कि दोनों बिना शादी किये पति पत्नी की तरह रह रहे थे। सोनमती बैगा छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा विवाद करती थी, कुछ दिनों पहले उसके माता पिता मायके ले जाने आये थे, तब दोनों साथ आयेंगे कहकर मायकेवालों को वापस भेज दिया था। इसी बात से सोनमती नाराज थी दिनांक 11/12/2021 को कपड़े पकड़कर अकेले मायके जाने निकली थी, इसी दौरान झगड़ा विवाद हुआ जिस पर उसका गला दबाकर हत्या कर शव को साड़ी से फांसी पर लटका दिया था। घटना के संबंध में मर्ग क्रमांक 131/2021 धारा 174 जा.फौ. से आरोपी अमर सिंह मंझवार पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## बालमगोड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय किसान संगोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी का समापन आज

**रायगढ़।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार रायगढ़ के ग्राम पंचायत बालमगोड़ा में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय किसान संगोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

राज्य स्तरीय किसान संगोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, भूमि एवं जल प्रबंधन, पड़त भूमि विकास, कृषि वानिकी, मसाला एवं औषधि पौधों की खेती, मशरूम की खेती, मृदा स्वास्थ्य तथा कृषि में नवाचार विषयों पर विषय-विशेषज्ञों एवं कृषि अधिकारियों ने तकनीकी जानकारी दी। इस दौरान कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ का सहयोग रहा है।

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय किसान संगोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी का समापन 15 दिसम्बर को होगा। इस मौके पर डॉ.कृष्ण कुमार साहू, प्रमुख वैज्ञानिक मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग कृषि महाविद्यालय रायपुर, नोडल अधिकारी खेमादास महंत विषय विषय वस्तु विशेषज्ञ, (मृदा विज्ञान) कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ उपस्थित रहेंगे।

## कोतरारोड से सतीगुड़ी चौक तक फुट पेट्रोलिंग कर बेतरतीब वाहनों पर हुई कार्रवाई



**रायगढ़।** एडिशनल एसपी लखन पटले, ट्रैफिक डीएसपी पुष्पेंद्र बघेल के नेतृत्व में आज शाम यातायात, कोतरारोड व कोतवाली पुलिस द्वारा कोतरारोड थाने से सतीगुड़ी चौक तक फुट पेट्रोलिंग कर सड़क पर येलो लाइन के अंदर, नो पार्किंग ऐरिया पर खड़ी करीब 35 चार पहिया/दुपहिया वाहनों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई है।

वाहनों पर लॉक लगाकर वाहन के स्वामी को थाना यातायात बुलाया गया था, जहां वाहनों के कागजात की जांच कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाही बाद वाहन स्वामी को पार्किंग एरिया में वाहन वहां खड़ा करने की हिदायत के साथ वाहनों से लॉक हटाया गया है।

एडिशनल एसपी लखन पटले बताएं कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने समय-समय पर यातायात पुलिस व थानों द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही की जाती है वे बताए कि लोगों को भी ट्रैफिक सेंस होनी चाहिए इस प्रकार गाडियों खड़ी करने से दुर्घटना का खतरा होता है, साथ ही यातायात बाधित होती है जिससे कई लोगों को परेशानी होती है। दुकान संचालकों को भी ग्राहकों को वाहन सड़क पर खड़ी ना करने की समझाइश दी जानी चाहिए। एडिशनल एसपी बताएं कि इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने में रायपुर देश में प्रथम

### » राज्य के सात जिलों ने बनाई प्रथम 10 में जगह



**रायपुर (आरएनएस)।** देश में चल रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सबसे ज्यादा डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने वाले जिलों में रायपुर जिला राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर रहा है। डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने में छत्तीसगढ़ के 7 जिलों ने भी प्रथम 10 में जगह बनाई है। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और इलाज की जानकारी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध होगी। इस डिजिटल हेल्थ आईडी में संबंधित व्यक्ति की बीमारी और इलाज की सभी तरह की जानकारियां दर्ज होंगी।

कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य विभाग रायपुर द्वारा बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल ने बताया कि ''डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने की टॉप 10 लिस्ट जारी की गई है जिसमें रायपुर जिला प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि रायपुर में 5,356 डिजिटल हेल्थ आईडी बनायी गई हैं।

यह भी उल्लेख्रीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान पूरे देश में सर्वाधिक 53,067 डिजिटल हेल्थ आई.डी. छत्तीसगढ़ में बनाए गये है। इसके तहत तीसरे स्थान पर राजनंदगांव जिले में 4,366, चौथे स्थान पर रायगढ़ में 4,122 और पांचवें स्थान पर बस्तर में 3,972 डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई गई हैं। इसी तरह आठवां स्थान धमतरी जिले ने 3,299, नवा स्थान कोरबा में 2,964 और दसवां स्थान पर रहे बिलासपुर जिले में 2,722 डिजिटल हेल्थ आईडी बनाए गए है। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे 2021 के अवसर पर दिल्ली में हुए कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को देश में सबसे ज्यादा डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने पर प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस डिजिटल हेल्थ कार्ड में आपकी बीमारी और इलाज से संबंधित सभी तरह की जानकारियां दर्ज होंगी । यानी इसके माध्यम से किसी भी मरीज के मेडिकल हिस्ट्री का पता एक क्लिक से लगाया जा सकेगा ।

मोबाइल नंबर या आधार कार्ड के ज़रिए हेल्थ आईडी जनरेट किया जा सकता है।

आधिकारिक वेबसाइट https://healthid.ndhm.gov.in/register से हेल्थ आईडी कार्ड बनाने के लिए पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस का इस्तेमाल भी किया जा सकेगा। मोबाइल या आधार के ज़रिए हेल्थ आईडी बनाने के लिए आपको अपना नाम, जन्म का वर्ष, लिंग, पता और मोबाइल नंबर/आधार की जानकारी देनी होगी।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480